कार्यालय–अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जनपद–सम्भल।

पत्रांक 281 / ग्रा0अ0वि0 / एन0बी0सी0–2005 / 2022–23 दिनांक 08-7-2022

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
जनपद–सम्भल।

इन्डेक्स नं0 2640 दिनांक ... 11-7-2
पटल सहायक/प्रभारी का नाम ...
कृ0 आवश्यक कार्यवाही।
BSA
Sambhal

विषयः– **विद्यालय भवन के नेशलन बिल्डिंग कोड–2005 के मानक के अनुरूप निर्मित होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक् मुख्य विकास अधिकारी महोदय सम्भल के कार्यालय पत्र संख्या बे0शि0 / एन0बी0सी0 / 3660–66 / 2022–23 दिनांक 15.06.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा Anglo Vedic Convent School, Islamnagar Road Bahjoi (Sambhal) विद्यालय के भवन निर्माण से सम्बन्धित सूचना व अभिलेखों का विवरण प्राप्त किया गया।

तत्क्रम में विद्यालय द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों/सूचना के आधार पर अवगत कराना है कि उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य 03 विभिन्न खण्ड़ों (A.B.C.) में कराया गया है। उपरोक्त निर्माण कार्य का Er. Waseem Baig, Civil Engineer Govt. Apporved R.A. LIC No 05/19, Chandausi District-Sambhal की देखरेख में किया गया है, तथा इनके द्वारा इसका प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किया गया है कि उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुरूप किया गया है, तथा भवन पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

उक्त विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय भवन का निर्माण कार्य 03 विभिन्न खण्ड़ों (A.B.C.) में कराया गया है। जिसमें Front Senction Main Building Block-A में G+2 स्तर तक निर्माण कार्य में भूतल व प्रथम तल को छोड़कर द्वितीय तल पर निर्मित कक्षों पर छत डालने का कार्य अस्थाई रूप से किया गया है, जिसपर सुरक्षा की दृष्टि से आर0सी0सी0 छत डालकर ही शिक्षण कार्य कराना उचित होगा।

इसी प्रकार विद्यालय परिसर में निर्मित अन्य Block-B (East Direction) में G+2 स्तर तक भवन निर्मित है। जिसमें शिक्षण कार्य चलता है, तथा Block-C (West Direction) के अन्तर्गत निर्मित भवन में वर्तमान में वाहन पार्किंग व एकेडमी कक्ष (प्रशासनिक भवन) के रूप में प्रयोग में लिया जा रहा है। विद्यालय प्रबन्धक द्वारा उपलब्ध कराये गये

कृ0प0उ0

Scanned with CamScanner

अभिलेखों के अवलोकन में पाया गया कि निर्मित भवन बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या 89/अरसठ–3–2018–2041/2018 दिनांक 11.01.2019 के प्रस्तर 17 (क) में उल्लेखीत बिन्दु के क्रम में प्रबन्धक द्वारा स्वीकृत मानचित्र उपलब्ध नहीं कराया गया, प्रस्तर 17(ख) में उल्लेखित मानकों जैसे भवन की छत, दीवार आदि विद्यालय के उक्त आर्किटेक्ट/इंजीनियर की देख–रेख में बनवायी गयी है, जोकि ठीक पायी गयी। विद्यालय भवन में निर्मित कक्षा–कक्षों में बच्चों के बैठने एवं धूप/ठण्ड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था है। कक्षा–कक्ष हवादार व रोशनीयुक्त हैं। यद्यपि विद्यालय भवन के निर्माण में नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 का पूर्णरूपेण पालन नहीं किया गया है, फिर भी बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या 89/अरसठ –3–2018–2041/2018 दिनांक 11.01.2019 में उल्लेखित मुख्यतः बिन्दुओं का परिपालन विद्यालय भवन निर्माण में किया गया है।

यदि भविष्य में प्रबन्धक Anglo Vedic Convent School, Islamnagar Road Bahjoi (Sambhal) द्वारा प्रस्तुत भवन के मानचित्र में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन किया जाता है. तो उक्त प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

भौतिक रूप से भवन निर्माण के लिए समिति/विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

(रविकान्त वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–सम्भल।

MANAGER
ANGLO VEDIC CONVENT SCHOOL
Islamnagar Road Bahjoi (Sambhal)

for Principal
Anglo Vedic Convent School
Islamnagar Road Bahjoi

Scanned with CamScanner